मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ०९ | अंक :४० | मुंबई, शुक्रवार, १९ जुलाई से २५ जुलाई २०१९ | पृष्ठ : ४ | कीमत : दो रुपये

## संक्षिप्त समाचार

### १० लाख घूस लेते भू-कर मापक गिरफ्तार

**ठाणे:** ठाणे एसीबी ने १० लाख रुपये रिश्वत लेते हुए सिंधुदुर्ग स्थित मालवण के भू-कर मापक राजेन्द्र परमसागर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अधिकारी उक्त मामले में सर्वेयर रविन्द्र अड़ीसरे की खोज कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, एक जमीन मालिक ने अपनी जमीन का नाप-जोख कराया था। माप किए गए कागजों को देने के लिए अधिकारियों ने उससे ३० लाख रुपये की मांग की थी। रुपयों को तीन किश्त में देने की बात तय हुई थी। घूस मांगे जाने की शिकायत जमीन मालिक ने ठाणे एसीबी से की थी। शिकायत के आधार पर अधिकारियों ने ठाणे स्थित सरकारी विश्राम गृह के पास जाल बिछाया और घूस की पहली किश्त के रूप में १० लाख रुपये लेते परमसागर को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने जांच के दौरान मामले में सर्वेयर रविन्द्र अड़ीसरे को भी लिप्त पाया है, जो फरार हैं।

### पेट्रोल पंप के करीब कार में आग लगी

**उल्हासनगर,** उल्हासनगर कैम्प नम्बर ३, १७ सेक्शन स्थित पट्रोल पंप के समीप एक लाल रंग की खड़ी कार में अचानक आग लग गयी। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों व जनता की सूझबूझ के चलते बड़ी अनहोनी होने से बच गया। उल्हासनगर कैम्प नम्बर ३ ,१७ सेक्शन के पट्रोल पंप के पास पेट्रोल भराने के लिए एक कार खड़ी थी। जिसका नम्बर एमएच /०४/जी यू २६९० हैं। कार के अगले हिस्से से धुंआ उठाने लगा। इतने मे पंप के एक कर्मचारी का ध्यान धुँए पर गया। उसने अन्य कर्मचारियों को धुँआ फेंकती कार की तरफ उनका ध्यान खींचा। सभी कर्मचारियों ने पहले तो कार को धकेल कर पंप से कुछ दूर किया। उसके बाद पानी व अग्निशमन सिलेंडर से अग्निशमन दल आता उसके पहले आग पर काबू कर लिया। यदि पट्रोल पंप के कर्मचारी सतर्क नही होते तो पट्रोल पंप अब तक राख तो हो ही जाता साथ ही परिसर में बड़ी तबाही मच जाती।.

### इंडियन ऑयल की एअर इंडिया को ईंधन आपूर्ति में कटौती की धमकी

**मुंबई,** पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल ने बिलों का भुगतान नहीं करने पर एअ र इंडिया को मंगलवार शाम से कुछ हवाई अड्डों पर ईंधन आपूर्ति में कटौती की धमकी दी है। इससे कुछ उड़ान सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। एअ र इंडिया पर पेट्रोलियम कंपनियों और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) समेत अन्य का काफी बकाया है। कंपनी को रोजाना १५ करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। सूत्र ने कहा , इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने बकाये का भुगतान नहीं होने पर मंगलवार शाम चार बजे से पटना , पुणे , चंडीगढ़ , कोचीन , विशाखापट्टनम और रांची जैसे कुछ हवाई अड्डों पर ईंधन की आपूर्ति बंद करने की धमकी दी है। सूत्र ने कहा कि यदि पेट्रोलियम कंपनी अपने नोटिस पर अमल करती है तो इन हवाई अड्डों से परिचालित होने वाली उड़ानों पर असर पड़ सकता है। सूत्र के मुताबिक , इंडियन ऑयल के नोटिस को देखते हुए एअ र इंडिया ने अपने चालक दल और प्रेषक को स्थिति सामान्य नहीं होने तक अगले क्षेत्र के लिए ईंधन लेकर चलने के लिए कहा है।

## भाजपा में उत्तर भारतीयों को महाराष्ट्र प्रदेश मुंबई प्रदेश में नहीं मिला स्थान

# भारतीय जनता पार्टी से उत्तर भारतीय समाज नाराज ?

### लाचार उत्तर भारतीय बोले इसका जिम्मेदार उत्तर भारतीय नेता अब बैनर झंडा कुर्सी लगाने लिट्टी चोखा खिलाने लाई चना खाने और खिलाने की हो गई उनकी औकात अब बोलने को हो गए लाचार ?

## विधानसभा चुनाव देख जिला प्रभारी को दिया लॉलीपॉप ?



**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** मुंबई विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीजेपी के उत्तर भारतीय भारतीय नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देने के नाम पर विधानसभा चुनाव देख जिला प्रभारी का दिया लॉलीपॉप यह देख कर उत्तर भारतीय समाज के मतदाताओं और कार्यकर्ता पदाधिकारियों में भारी आक्रोश फैलता नजर आ रहा है लाचार उत्तर भारतीय भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता इसका जिम्मेदार उत्तर भारतीय नेता को ही मानते हैं उनका कहना है कि अब इन नेताओं की अन्य पार्टियों की अपेक्षा भाजपा में बैनर झंडा कुर्सी लगाने लिट्टी चोखा खिलाने लाई चना खाने और खिलाने की हो गई है औकात क्योंकि अब यह बोलने को हो गए हैं लाचार उनका यह भी कहना है कि महाराष्ट्र मुंबई प्रदेश के किसी भी वरिष्ठ पदाधिकारी पोस्ट पर उत्तर भारतीयों का स्थान नहीं दिया गया जिसको देखकर के पूरा उत्तर भारतीय समाज और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नाराज हैं उनका यह कहना है कि पहले जो भारतीय जनता पार्टी में उत्तर भारतीय समाज को और पदाधिकारी कर कर कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता था अब वह सम्मान खत्म होता नजर आ रहा है जिस तरह से अन्य समाज के लोगों को मुंबई और महाराष्ट्र प्रदेश के लोगों को वरिष्ठ पदों पर आसीन किया जाता है पर दिया जाता है मगर जिसका सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी को समर्थन रहता है वह उत्तर भारतीय समाज की आज भारतीय जनता पार्टी नजरअंदाज करती जा रही है जिससे पूरे समाज में नाराजगी फैलती जा रही है और आप साफ जाहिर होता है कि भारतीय जनता पार्टी को उत्तर भारतीय समाज के नेताओं और कार्यकर्ताओं की जरूरत नहीं है इसलिए अब हम सब मजबूर होकर अपने लिए रास्ता ढूंढने के लिए तलाश कर रहे हैं जो आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर भारतीय समाज की और कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की उपेक्षा का फल प्राप्त होगा गौरतलब है कि बीजेपी ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूरे राज्य में ६५ जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है जिसमें संजय उपाध्याय को न्यू मुंबई संजय पांडे को ठाणे ग्रामीण अमरजीत मिश्रा को दक्षिण मध्य मुंबई एडवोकेट जयप्रकाश मिश्र को उत्तर मुंबई और श्रीनिवास त्रिपाठी को उत्तर पूर्व मुंबई का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है खास बात यह है कि इन नेताओं को जिन जिलों का प्रभारी बनाया गया है वहां चुनाव में उत्तर भारतीय मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं इसलिए मुख्यमंत्री ने पूरी रणनीति के तहत इन नेताओं को जिला प्रभारी बनाया है चुनाव में बीजेपी को इसका फायदा मिलता है इसे देखकर इन्हें लाली पाप दिया गया है इसी क्रम में मनोज कोटक को उल्हासनगर की जिम्मेदारी दी गई है उत्तर-पश्चिम मुंबई को अभिजीत सावंत उत्तर मध्य मुंबई सुमंत घास दक्षिण मुंबई सुनील राणे सिंधुदुर्ग रत्नागिरी का प्रभारी प्रसाद लाल रायगढ़ प्रवीण दरेकर भीमंडी विजय भाई गिरकर ठाणे शहर किरीट सोमैया मीरा भयंदर गोपाल शेट्टी कल्याण निरंजन दवखरे उल्लासनगर मनोज कोटक वसई विरार अर्चना वाणी पालघर योगेश सागर वर्धा अनिल सोले नागपुर शहर संजय धोत्रे नागपुर ग्रामीण अनिल सोले को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है इसके अलावा बीजेपी ने पूरे प्रदेश को ७ भागों में विभाजित किया है इसमें कोकन थाने में १२ उत्तर महाराष्ट्र में १० पश्चिम विदर्भ में ७ पूर्व विधान में आठ मराठावाड़ा में सर्वाधिक बार पश्चिम महाराष्ट्र में १० और मुंबई में छह इस तरह कुल ६५ जिला प्रभारी बनाए गए हैं.

## महापौर की गाडी पर जुर्माना

**मुंबई :** नो पार्किंग में वाहन को खड़ा करने वालों पर मनपा एक ओर जहां १० हजार रुपए दंड लगाकर लोगों को कानून की सीख दे रही है, वहीं मुंबई के प्रथम नागरिक महापौर ही मनपा के कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। महापौर विश्वनाथ महाडेश्वर की गाड़ी ही नो पार्किंग में खड़ी मिली। महापौर विश्वनाथ महाडेश्वर की अध्यक्षता में सभी पार्टी नेताओं की बैठक में पीपीपी मॉडल से बनाई गई पार्किंग्स में ही लोग गाड़ियां खड़ी करें। उसके आस-पास अवैध रूप से गाड़ी पार्क करने पर कठोर दंड लगाने का निर्णय लिया गया। मनपा द्वारा पीपीपी मॉडल से बनी पार्किंग्स के पास सड़कों के किनारे खड़े किए वाहनों पर १० हजार रुपए दंड लगाने का निर्णय लिया गया। महापौर की अध्यक्षता में छह जुलाई को यह निर्णय लिया गया और सात जुलाई से कठोर कार्रवाई शुरू हुई। इस कार्रवाई में लोगों से अब तक २५ लाख रुपए दंड वसूला जा चुका है। वहीं महापौर विश्वनाथ महाडेश्वर की गाड़ी खुद नो पार्किंग जोन में खड़ी मिली। गाड़ी नो पार्किंग का बोर्ड लगे क्षेत्र में पार्क की थी। महापौर की गाड़ी विलेपार्ले स्थित कोल डोंगरी के पास नो पार्किंग में खड़ी की गई थी। महापौर ने कहा कि जब मैं खाना खाने के लिए गाड़ी से उतर रहा था, उस समय की यह फोटो ली गई होगी। उन्होंने अपनी गलती का बचाव करते हुए कहा कि अगर मेरे ड्राइवर ने नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी की होगी तो परिवहन विभाग नोटिस दे और मैं दंड भरने के लिए तैयार हूं। वहीं लोगों का कहना है कि मुंबई की जनता का नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर १० हजार रुपए दंड भरते-भरते पसीना निकल रहा है।

## उत्तर–प्रदेश से महाराष्ट्र तक कर्मठ व जुझारू बीजेपी नेता के रूप में जाने जाते है अरविंद सिंह 'दारा'

**विनोद तिवारी**

**नालासोपारा :** विधानसभा चुनाव की नजदीकी देखते हुये नालासोपारा शहर में स्वघोषित विधायको की भरमार लग गयी है नगर सेवक का चुनाव भी ना जीत पाने व्यक्ति खुद को भावी विधायक लिख कर सोसल मीडिया पर प्रचार कर रहे है।लेकिन नालासोपारा विधानसभा १३२ की जनता तय करेगी कि उनका नेता बनने के लिए काबिल कौन है ?

रही बात अरविंद सिंह(दारा) का तो वो उत्तर भारतीय के चहिते है व उत्तर भारतीयों के सुख दुःख में खड़ा हो कर एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज भी निभाते है,जबकि देखने को मिला यहाँ नेता सिर्फ उत्तर भारतीय के वोट बैंक को जमा करने के लिए उन्हें गुमराह



करते है जरूरत पड़ने पर दूर दूर तक नजर नहीं आते है। नालासोपारा विधानसभा १३२ में उत्तर भारतीय की संख्या अधिक है यहाँ बीजेपी से उत्तर भारतीय को सीट मिला तो जीत का नगाड़ा बजने से कोई रोक नहीं रोक पायेगा,नालासोपारा विधानसभा १३२ बीजेपी का सीट भी सूझ बूझ से दिया गया तो ही बीजेपी सीट निकाल सकती है नहीं तो दूसरी पार्टी को बाजी मारने से रोकना नामुमकिन होगा,उत्तर भारतीय के चहिते होने के साथ-साथ यहाँ के स्थानीय लोगों से भी अरविंद सिंह 'दारा'के अच्छे संबंध है।

अरविंद सिंह(दारा)के प्रचार व पकड़ को देखते हुए विरोधीयों के खेमे में हड़कंप मच गया है ज्यादातर लोगों को यही चुभ रहा है कि अगर टिकट अरविंद सिंह(दारा)को मिल गया तो उनकी जीत भी पक्की है,जिस कारण से अरविंद सिंह (दारा)को बदनाम कर के उन्हें बदनामी के चादर में लपेटने की कोशिश भी किया जा रहा है।

## ३३ लाख परिवारों को मिलेंगे राशन कार्ड – मुख्यमंत्री

**मुंबई :** राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान १४ अगस्त तक चलेगा। महीने भर के इस अभियान में ३३ लाख परिवारों को राशन कार्ड और ४० लाख गैस कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। इसके जरिए सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करेगी। यहां सह्याद्रि गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर अन्न, नागरिक आपूर्ति व ग्राहक संरक्षण विभाग के मंत्री संभाजी पाटिलनिलंगेकर, उद्योग मंत्री सुभाष देसाई, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री अरविंद सावंत, अन्न, नागरिक आपूर्ति व ग्राहक संरक्षण विभाग के राज्यमंत्री रवींद्र चव्हाण, विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा, अन्न, नागरिक आपूर्ति व ग्राहक संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव महेश पाठक आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के जरिए समाज के अंतिम घटक तक पहुंचा जाएगा। अतिरिक्त बजट में वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने धूलमुक्त महाराष्ट्र योजना घोषित की थी। केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना के माध्यम से देश की ८ करोड़ महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है। अब दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय अभियान से महाराष्ट्र के ४० लाख परिवारों को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए गैस कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। फड़नवीस ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहते थे कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक किसी भी योजना का लाभ पहुंचना चाहिए। अन्न, नागरिक आपूर्ति व ग्राहक संरक्षण विभाग ने दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को कैसे मिले, इसका अध्ययन किया। इसके लिए मैं विभाग की सराहना करता हूं। अन्न, नागरिक आपूर्ति व ग्राहक संरक्षण विभाग को डिजिटलाइजेशन के माध्यम से घोटाला रोकने में सफलता मिली है। गलत तरीके से लाभ लेने वालों का पता लगाकर उनके राशनकार्ड रद्द किए गए हैं, इससे विभाग का वंचित लाभार्थियों तक पहुंचना संभव हुआ है। अन्न, नागरिक आपूर्ति व ग्राहक संरक्षण विभाग के मंत्री संभाजी पाटिल-निलंगेकर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण व्यवस्था को सक्षम बनाया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में बदलाव से प्रत्यक्ष लाभार्थियों को मदद मिली है और नए लाभार्थी जोड़े गए हैं।

## १०,३४९ डिब्बों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**मुंबई :** यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मध्य रेलवे ने ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई थी। इस योजना के तहत १०,३४९ डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे लोकल, मेमू और डेमू ट्रेनों के कोच में लगाए जाएंगे।




इस परियोजना की कुल लागत ३५६.७१ करोड़ रुपए है और हाल ही में हुए आम बजट में ५ करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। गौरतलब है कि रोज लाखों की संख्या में लोग ट्रेन में यात्रा करते हैं। यात्रा करनेवाले यात्रियों के साथ रोज चोरी और छीना-झपटी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में रेल मंत्री ने अपने पिछले कार्यकाल में ही ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर ट्रेनों को सुरक्षित बनाने की योजना की घोषणा की थी। इसके बाद मध्य रेलवे ने रेलवे बोर्ड के पास इस योजना का प्रस्ताव भेजा था, जिसे इस बजट में मंजूरी दे दी गई।

## संपादकीय

# सूखे सावन की आशंकाओं के बीच

सावन आ चुका है, लेकिन उम्मीदों की जमीन सूखी है और आसमान सूना। वैसे तो इस बार



शुरुआती दौर से ही मानसून के मिजाज बिगडे हुए थे। आषाढ़ का महीना आते-आते जो नदी-नाले भर जाते थे, वे सब के सब सूखे पड़े हैं। मानसून को केरल में जून महीने के शुरू होने के साथ ही दस्तक देनी थी, लेकिन वहीं पर उसने देरी कर दी और उसके बाद अभी तक जो हुआ, उसने निराश ही किया है। वैसे तो अब मानसून के पूरे भारत पर छा जाने के दावे हैं, कुछ जगहों से भारी वर्षा की खबरें भी हैं, लेकिन उत्तर भारत में उसका असर ज्यादातर जगहों पर नहीं दिख रहा। दक्षिण से भी कम वर्षा और सूखे की खबरें ही आ रही हैं। सिर्फ मुंबई ही अपवाद है, जो हर बारिश में हाहाकार करती है। हालात ये हैं कि सरकार ने कहीं-कहीं सूखे से जुड़े हुए निर्देश भी देने शुरू कर दिए हैं। पिछले वर्ष इस समय तक १३५.६५ मिलीमीटर वर्षा हो चुकी थी, लेकिन इस साल जून के अंत तक ८६.५ मिलीमीटर ही वर्षा हुई है। कहा जा रहा है कि पिछले ११८ वर्षों में इतनी कम बारिश वाला यह चौथा जून था। यह सब किस ओर इशारा करता है? मुंबई महानगर में अतिवर्षा और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में वर्षा का अधिक हो जाना या वर्षा में निरंतरता व समानता का न होना यही बताता है कि एक बड़ा पर्यावरणीय असंतुलन हमारे बीच में आ चुका है। यही हाल रहा, तो पानी के उस महासंकट से हम इसी साल जूझ रहे होंगे, जिसे अभी तक अपना भविष्य मान रहे थे। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि जितनी बारिश हुई है, वह खेती के लिए पर्याप्त नहीं है। यह हालत उत्तर भारत, पश्चिम भारत, मध्य भारत और दक्षिण भारत, सभी जगहों की है। दुनिया भर के तमाम अध्ययनों ने पहले ही बता दिया था कि इस साल का जून अभी तक के इतिहास का सबसे गरम महीना रहा है। उसका असर कहीं न कहीं मानसून पर पड़ना ही था और इसलिए इस बार सावन की हरियाली को लेकर तमाम आशंकाएं पैदा होने लगी हैं। कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के अनुसार, साल २०१९ दुनिया का सबसे गरम वर्ष है। और तो और, इस बार यूरोप के ठंडे माने जाने वाले देश भी गरमी में झुलसते दिख रहे हैं। यह दर्शा रहा है कि ग्लोबल वार्मिंग पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्रतिकूल हालात लेकर हमारे बीच आ चुकी है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि इसी वजह से आज हम किसी भी मौसम को सामान्य रूप से नहीं देख पाते। मानसून में वर्षा समय पर नहीं हो रही, जाडे में तापमान बहुत नीचे गिर रहा है और गरमी तो खैर सारे रिकॉर्ड ही तोड़ रही है। यह सब लगातार और हर जगह पर हो रहा है। हर बार पिछली बार से ज्यादा परेशान करने वाला। एक तरफ मुंबई पिछले दो हफ्ते से लगातार हो रही बारिश में डूबती-उतराती दिख रही है, तो उसकी तुलना में देश के दूसरे कोने अभी पूरी तरह सूखे हैं। इन दोनों हालात के बीच में सावन के आगमन का कोई खुशनुमा संकेत दिखाई नहीं देता। पूरे विश्लेषण के लिए हमें इस बार की बारिश को शुरू से देखना होगा। शुरुआती दौर में जिस तरह मानसून को केरल में समय पर पहुंचना चाहिए था, वहां हवा के दबाव और विक्षोभ के कारण वह उतनी बारिश नहीं कर सका। इसी के साथ जो कुछ अन्य आंकड़े सामने आए हैं, उनके अनुसार देश के २१ शहर डे-जीरो के कगार पर हैं। यानी वहां वह दिन आने वाला है, जब शहर में पीने के पानी की एक बूंद भी उपलब्ध नहीं होगी। दुर्भाग्य यह है कि ये शहर देश के हर कोने में हैं। चाहे मुंबई हो, चेन्नई हो, बेंगलुरु हो, जमशेदपुर हो, धनबाद हो, कानपुर हो, जयपुर हो या फिर गुरुग्राम हो।

# महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा के मराठी समुदाय के साथ है सरकार : सीएम

**मुंबई :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि महाराष्ट्र - कर्नाटक सीमा क्षेत्र में रहने वाले मराठी समुदाय की अनेक वर्षों से शुरू लड़ाई जब तक खत्म नहीं हो जाती तब तक महाराष्ट्र सरकार १०० फीसदी उनके समर्थन में खड़ी रहेगी। इस संदर्भ में सोमवार को महाराष्ट्र - कर्नाटक सीमा भाग में रहने वाले मराठी लोगों के एक शिष्टमंडल ने सह्याद्रि में मुख्यमंत्री फड़नवीस से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सीएम फड़नवीस ने कहा कि महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमावर्ती भाग में मराठी समुदाय ने जो लड़ाई वर्षों से शुरू की है , जब तक उसका हल नहीं निकल जाता सरकार उनके साथ खड़ी रहेगी। सीमावर्ती भाग बेलगांव, कारवार, निपाणी में बंद पड़े मराठी स्कूल दोबारा शुरू किए जाएंगे। सीमावर्ती विभाग को महाराष्ट्र में शामिल करने के लिए संविधान के अनुसार लड़ाई जारी रहेगी। इस भाग में मराठी भाषा को जीवित रखने के लिए फ्री टू एयर सेवा के जरिए कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। सीएम ने कहा कि कर्नाटक में रहने वाले मराठी समुदाय के साथ हो रहे अन्याय लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। इसके लिए स्थानीय सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। सीमा भाग में रहने वाले मराठी समुदाय की समस्याओं को लेकर जल्द वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे । इस दौरान सीएम फड़नवीस ने कहा कि महाराष्ट्र -कर्नाटक की सीमा पर होने वाले बड़ी संख्या में मराठी समुदाय के साथ होने वाले अन्याय को लेकर राज्य सरकार दो मंत्रियो की नियुक्ति करेंगी। जो वहां की परिस्थितियों पर नजर रखेंगे। साथ ही बेलागांव, कारवार और निपाणी स्थित में बंद मराठी स्कूलों को जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा।

# आरा में लोन देने से इनकार करने पर बैंक मैनेजर की पिटाई



**सिकरहट्टा :** थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के मैनेजर मनोज कुमार की गुरुवार की शाम फतेहपुर बाजार में जमकर पिटाई की गई। घटना गुरुवार की शाम बैंक के सामने बैंक से बाहर उस वक्त हुई जब मैनेजर बैंक बंद करके आरा जाने के लिए गाड़ी पकड़ने की तैयारी में थे। घटना का कारण मैनेजर द्वारा लोन देने से इनकार करना बताया जा रहा है। मारपीट में मैनेजर का सिर फट गया है और शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। पीरो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रुप से जख्मी मैनेजर को आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस सिलसिले में मैनेजर के बयान पर सिकरहट्टा थाना में एक नामजद और दो अज्ञात के विरुद्ध एक मामला दर्ज किया गया है। पीरो सीएचसी में इलाज के दौरान मैनेजर ने बताया कि वो आरा के नवादा थाना क्षेत्र के अवधपुरी के रहनेवाले हैं प्रतिदिन आरा से फतेहपुर आते हैं। कुछ दिनों पूर्व बघड़ा टोला गांव निवासी एक व्यक्ति का लोन का आवेदन आरा से फतेहपुर ब्रांच में आया था। इस आवेदन में तकनीकी त्रुटि होने के कारण आवेदन को लौटा दिया गया था। आवेदन लौटा दिये जाने के मामले को लेकर संबंधित व्यक्ति के साथ बैंक में उनकी नोंकझोंक भी हुई थी। इसी मामले को लेकर गुरुवार की शाम जब वो ब्रांच बंद करके आरा जाने के लिए ब्रांच से निकले तो पीछे से अचानक उनपर हमला कर दिया गया। वो जमीन पर गिर गये और उनकी जमकर पिटाई की गई।

## भाड़ा नकारने वाले 22 टैक्सी चालक गिरफ्तार

**मुंबई,** मुंबईकरों को हमेशा उन टैक्सी ड्राइवरों से समस्या का सामना करना पड़ता है जो यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान तक ले जाने से इंकार कर देते हैं या ज्यादा भाड़ा लेते हैं। टैक्सी चालकों द्वारा यात्रियों को परेशान करने की यह घटना नयी नहीं है बल्कि आये दिन मुंबई के टैक्सीचालक यात्रियों के साथ अपनी मनमानी करते हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सबक सिखाने के लिए ऐसे २२ टैक्सी ड्राइवरों को गिरफ्तार कर लिया है। आरपीएफ ने मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के बाहर यह कार्रवाई करते हुये २२ टैक्सी ड्राइवरों को गिरफ्तार किया । यह पहला मौका है जब आरपीएफ ने टैक्सी चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। आरपीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए टैक्सी चालकों को रेलवे मजिस्ट्रेट ने बाद में रिहा कर दिया । सभी टैक्सी चालकों पर ३०० रुपये का जुर्माना लगाया गया। आरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, हम उन टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ शिकायतों का संज्ञान ले रहे हैं जो मीटर और प्री-पेड चार्ट के अनुसार जाने से मना करते हैं और इसे गंभीरता से ले रहे हैं।

## मंदिर गई किशोरी के साथ दुष्कर्म, बदहवास हालत में जंगल में छोड़ भागा आरोपी

यूपी में संभल के रजपुरा थाना इलाके में मां के साथ पूजा अर्चना करने मंदिर पहुंची किशोरी को सर्कस में काम करने वाला युवक बहला-फुसलाकर ले गया। किशोरी के साथ जंगल में दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी किशोरी को बदहवास हालत में सड़क किनारे छोड़ कर भाग गया। थाना इलाके के एक गांव निवासी महिला अपनी १५ वर्षीय बेटी को साथ लेकर गुरुवार की दोपहर को हरि बाबा बांध धाम आश्रम पर गई थी। महिला मंदिर परिसर में बैठकर खाना खा रही थी जबकि उसकी बेटी पूजा अर्चना करने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान मंदिर परिसर में लगे हुए सर्कस में काम करने वाला युवक महिला की मंदबुद्धि बेटी को बहला-फुसलाकर जंगल में ले गया और दुष्कर्म किया। काफी देर तक जब बेटी पूजा करके लौटी महिला ने तलाशना शुरू किया। मंदबुद्धि किशोरी गवां अनूपसहर मार्ग पर एक होटल के पास सड़क किनारे बदहवास हालत में मिली। किशोरी को बदहवास हालत में देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। कोतवाल अमित कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है कार्रवाई की जा रही है।

## अफेयर-संपत्ति बनी रोहित की मौत की वजह, आज अपूर्वा की होगी कोर्ट में

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे एनडी तिवारी के बेटे रोहित शेखर की हत्या मामले में गुरुवार को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चार्जशीट दाखिल कर दी है. इस मामले में रोहित शेखर की पत्नी अपूर्वा शुक्ला को आरोपी बनाया गया है. दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने साकेत कोर्ट में ५१८ पेज की चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें ५६ गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं. वहीं, रोहित हत्याकांड मामले में शुक्रवार को साकेत कोर्ट में अपूर्वा शुक्ला की पेशी है. दिल्ली की साकेत कोर्ट अब अपूर्वा शुक्ला की जमानत पर फैसला सुनाएगा. दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अपूर्वा शुक्ला को भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी की धारा ३०२ के तहत आरोपी बनाया है. दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अपनी चार्जशीट में कहा कि रोहित शेखर और अपूर्वा शुक्ला का वैवाहिक जीवन खुशहाल नहीं था. उनके बीच शादी के बाद से लगातार झगड़े होते रहे. अपूर्वा शुक्ला ने अपना राजनीतिक करियर बनाने और संपत्ति पाने के लिए शादी की थी, लेकिन वो इसमें विफल रही. इसके चलते अपूर्वा शुक्ला बेहद फ्रस्टेटेड थी. इसके अलावा अपूर्वा को आशंका थी कि रोहित शेखर का किसी दूसरे के साथ अफेयर है और कथित तौर पर उससे रोहित को एक बेटा भी है. चार्जशीट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि रोहित शेखर ने अपूर्वा को अपनी किसी भी संपत्ति में नॉमिनी नहीं बनाया था. इसके अलावा यह भी बात सामने आई है कि रोहित अपनी पत्नी अपूर्वा शुक्ला को तलाक देने की तैयारी में था. शेखर ने अपूर्वा को तलाक देने की प्लानिंग अपने दोस्त को बताई थी. इस चार्जशीट में रोहित शेखर के एक बयान का भी जिक्र किया गया है, जिसमें उन्होंने वीडियो रिकॉर्ड करके अपनी मौत से पहले कहा था कि उनको अपनी पत्नी से जान का खतरा है. यह वीडियो करीब सात महीने पुराना बताया जा रहा है. हालांकि पुलिस इसे मृत्युकालीन बयान के रूप में पेश कर रही है. भारतीय साक्ष्य अधिनियम-१८७२ में मृत्युकालीन बयान को पुख्ता सबूत माना जाता है.

# जॉब दिलाने के नाम पर करते थे ऑनलाइन ठगी, ३ युवती सहित ५ गिरफ्तार

दिल्ली से सटी हाईटेक सिटी नोएडा में ऑनलाइन ठगी रुकने का नाम नही ले रही है. आए दिन कहीं न कहीं ऑनलाइन ठगी का मामला देखने को मिल ही जाता है. ऐसे ही एक मामले का खुलासा करते हुए नोएडा थाना सेक्टर -५८ पुलिस ने जॉब दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाली तीन युवतियों सहित पांच शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है.

सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वहीं इनका एक साथी अब भी पुलिस की गिरफ्त से फरार बताया जा रहा है. नोएडा थाना सेक्टर -५८ पुलिस ने शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि ऑनलाइन ठगों में कुछ ठग दिल्ली के रहने वाले हैं जिनका नाम अमित वर्मा और रमित है. वहीं इनकी सहयोगी ऋतु भर्ती गाजियाबाद की रहने वाली है और वहीं स्वेता गर्ग और अन्नू पाल दिल्ली निवासी हैं. ये ठग जॉब तलाश कर रहे युवकों को जॉब दिलाने का झांसा देते थे फिर उनसे पैसे लूट लेते थे. इन ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पर इनका एक साथी मौके से फरार हो गया. जिसकी तलाश में पुलिस लगी हुई है. इन ठगों के कब्जे से ऑनलाइन ठगी के दौरान इस्तेमाल में लाए जाने वाले एक लैपटॉप सहित सात मोबाइल और सात अलग-अलग कंपनियों के सिम बरामद किए गए हैं. इनकी मदद से इन ऑनलाइन ठगों ने कई लोगों को चूना लगाया था. दूसरी ओर पुलिस के आलाधिकारी का मानना है नोएडा थाना सेक्टर -५८ पुलिस और साइबर सेल टीम ने ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन अभियुक्त सहित पांच शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है. ये ऑनलाइन ठग जॉब्स फ्रॉम साइन डॉट कॉम से डेटा लेकर ग्राहकों को फोन कॉल कर नौकरी का झांसा देते थे. फिर कस्टमर में क्रेडिट या डेबिट कार्ड से मॉन्सटरजॉब्स डॉट कॉम का लिंक भेज कर १० रुपये का ट्रांजैक्शन करते थे. फिर कस्टमर के अकाउंट को हैक कर उनके अकाउंट से सारे पैसे निकाल लेते थे.

## यूट्यूब से चेन स्नेचिंग के तरीके सीख लूटपाट करने वाला छात्र पकड़ा, ये था प्लान

नोएडा शहर में ५० से ज्यादा लोगों से लूटपाट करने वाले बीएससी के छात्र को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से १० सोने की चेन, साढ़े पांच हजार रुपये, बाइक व सोना गलाने के उपकरण मिले हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आरोपी छात्र अकेले ही जैकेट पहनकर बाइक से वारदात करने के लिए निकलता था।

एसपी सिटी विनीत जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभिषेक ओझा निवासी आगरा के रूप में हुई है। आरोपी सेक्टर-१२ में पिछले एक साल से रह रहा है। वह आगरा के एक कॉलेज से बीएएसी की पढ़ाई करता है। अभिषेक कैब का कारोबार करने के लिए चेन लूट की वारदातों को पिछले एक साल से अंजाम दे रहा था। आरोपी ने योजना बनाई थी कि वह लूटी गई चेन बेचकर कैब खरीदने के लिए पैसा जमा करेगा और फिर कैब के कारोबार को आगे बढ़ाएगा।

**यूट्यूब पर लूट के के नए-नए तरीके सीखे**

वह सेक्टरों में सुबह व शाम के वक्त बाइक से अकेले निकलता था और चेन लूटकर तेज रफ्तार से बाइक चलाकर भाग जाता था। हाल के दिनों में इसने सेक्टर-१२, सेक्टर-१, १९, २६, २७, ४१ में कई महिलाओं से चेन स्नेचिंग की।

आरोपी यूट्यूब से चेन स्नेचिंग के तरीके को सीखा था। उसने लूटपाट के लिए हाई स्पीड बाइक, जैकेट, हेलमेट खरीदा। इसके बाद यूट्यूब पर लूट के के नए-नए तरीके सीखे। पिछले एक साल में आरोपी पहली बार गिरफ्तार हुआ। छात्र होने की वजह से पुलिस को इस पर शक नहीं होता था।

# पति की जासूसी पत्नी को पड़ी भारी पति की प्रेमिका ने कार से टक्कर मारी

नोएडा सेक्टर-७५ की पॉश सोसाइटी में एक महिला को अपने पति के प्रेम-प्रसंग की जासूसी करना भारी पड़ गया। दरअसल, महिला को जब सूचना मिली कि उसका पति अपनी प्रेमिका की कार में घूम रहा है तो वह मौके पर पहुंचकर कार के सामने मोबाइल से वीडियो बनाने लगी। इस दौरान पति की प्रेमिका ने गुस्से में महिला को टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गई। पीड़ित महिला ने सेक्टर-४९ थाने में पति की प्रेमिका के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित महिला नोएडा सेक्टर-७५ की पॉश सोसाइटी में रहती है। वह एक मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी करती




है। उसका पति सेक्टर-१२६ स्थित एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। दोनों ने जनवरी २०१७ में प्रेम विवाह किया था। कुछ महीने पहले पत्नी को अपने पति की गतिविधियों पर शक होने लगा था। किसी अज्ञात व्यक्ति से १५ जुलाई की शाम करीब ७ बजे महिला को सूचना मिली कि उसका पति किसी युवती की कार में घूम रहा है। यह जानकारी मिलते ही पत्नी ऑटो से उस जगह पर पहुंची और छिपकर दोनों को कार में देखने के बाद महिला ने अपने पति को फोन किया। मगर पति ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद महिला उस कार के सामने जा पहुंची और सबूत के लिए वीडियो बनाने लगी। इस पर पति की प्रेमिका ने तुरंत कार चला दी, जिससे टकराकर महिला नीचे गिर गई। घटना में महिला घायल हो गई। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवती और उसके पति से पूछताछ करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## बेटी को बचाने के लिए बदमाशों से भिड़ गई मां, खींचकर ले जाने की कर रहे थे कोशिश

**लखनऊ** में कृष्णानगर इलाके में सोमवार सुबह बाइक सवार बदमाशों ने किशोरी को अगवा करने की कोशिश की। किशोरी की चीख पुकार सुनकर उसकी मां दौड़ी और बदमाशों से भिड़ गई।

किशोरी की मां ने बाइक की चाबी निकाल ली। खुद को फंसता देख बदमाश मां-बेटी को धमकाते हुए भाग निकले। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने छेड़छाड़, मारपीट व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, बाइक के नंबर के आधार पर एक आरोपी को दबोच लिया गया। दूसरे की तलाश की जा रही है।


## आवश्यकता है

**मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :**

**संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९**

**Email : metrodinank@gmail.com**

## Advertisment Rates

**Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)**

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड (पूर्व), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) **- चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
**मो.** 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

## फ्लाई ओवर से होगा मार्ग का विस्तार

**मुंबई :** नई मुंबई शहर में ट्रैफिक की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है, जिसके कारण सड़कों पर वाहनों का जाम लगा रहता है। सुबह तथा सायंकाल के समय सड़क जाम रोजमर्रा की बात हो गई है। मनपा ने ट्रैफिक की समस्या से निजात पाने हेतु तथा समय की बचत के साथ ही शहर को उत्तम स्थान दिलाने के लिए पामबीच मार्ग का विस्तार किए जाने का विचार बनाया है।

हालांकि यह विचार पिछले बारह वर्ष पहले ही बना हुआ था परंतु खाड़ी किनारे मैंग्रोव्ज तथा सागरी जैविक नुकसान को देखते हुए उच्च न्यायालय ने उक्त काम पर रोक लगा दी थी। पर्याय व्यवस्था अपनाते हुए नई मुंबई मनपा के पूर्व आयुक्त डॉ. रामास्वामी एन. तथा सिडको के व्यवस्थापकीय संचालक लोकेश चंद्र फ्लाइओवर ब्रिज बनाकर पमबीच मार्ग का विस्तार करने की बात पर विचार-विमर्श भी किया। मनपा ने सबसे पहले उक्त प्रस्ताव को मनपा की महासभा में रखने की तैयारी कर ली है। महासभा में मंजूरी मिलने के बाद पामबीच विस्तार मार्ग का प्लान तैयार किया जाएगा। कोपरखैरने से ऐरोली तक पामबीच मार्ग विस्तार करने की सहमति पर सिडको ने कुल लागत में आधी लागत मदद के रूप में देने की बात पर मुहर लगाते हुए सकारात्मक कार्य किए जाने की पहल पर जोर दिया है। उक्त विस्तार मार्ग के फ्लाइओवर पुल के निर्माण में कुल ३७५ करोड़ रुपए की लागत लगने की बात बताई जा रही है। गौरतलब हो कि बेलापुर से वाशी तक ग्यारह किलोमीटर का सड़क मार्ग जो कि पामबीच मार्ग के नाम से जाना जाता है वह शुरू है। ६ किलोमीटर कोपरखैरने से ऐरोली पामबीच विस्तार मार्ग पर घनसोली इलाके के दो किलोमीटर तक के भाग में मैंग्रोव्ज को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचाते हुए एक फ्लाइओवर ब्रिज निर्माण किए जाने का विचार किया जा रहा है।

बता दें कि घनसोली नोड को सिडको ने नई मुंबई मनपा को सुपुर्द किया है। पामबीच विस्तार मार्ग बनने से सिडको की जमीन के भाव भी बढ़ने की बात को नकारा नहीं जा सकता तथा ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिल जाएगा।

## देश की इंच-इंच जमीन से बाहर किए जाएंगे घुसपैठिए - गृह मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने कहा है कि वह देश की इंच-इंच जमीन से घुसपैठियों और अवैध प्रवासियों की पहचान कर उसे अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत डिपोर्ट करेगी। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि अभी असम में जो NRC है वह असम समझौते का हिस्सा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, 'सभी ने सदन में राष्ट्रपति का भाषण सुना होगा, जिस घोषणापत्र के आधार पर हम चुनकर आए हैं उसमें भी यह बात कही गई है। देश की इंच-इंच जमीन पर जितने भी अवैध प्रवासी रहते हैं, घुसपैठिए रहते हैं, इनकी हम पहचान करने वाले हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत हम इनको डिपोर्ट करेंगे।'

## वसई-विरार में खत्म होगा ट्रैफिक का टंटा! 12 उड़ान पुल के निर्माण का फैसला

**वसई-विरार :** वसई से विरार के बीच रहनेवाली करीब २५ लाख की आबादी ट्रैफिक के टंटे से रोजाना परेशान होती है। इसके मद्देनजर १२ उड़ान पुल के निर्माण का फैसला वसई-विरार महानगरपालिका ने किया है। इन पुलों के निर्माण पर ३०४ करोड़ रुपए की लागत आएगी। वसई से विरार तक शहर में ३८० किलोमीटर की सड़क है। बढ़ती आबादी के कारण यहां ट्रैफिक जाम आम बात हो गई है। इसके निराकरण के लिए वसई-विरार महानगरपालिका (वीवीएमसी) ने एक निजी कंपनी को सर्वे का काम दिया था। इस सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार शहर में १२ उड़ान पुलों के निर्माण की सिफारिश की गई है जिस पर ३०४ करोड़ रुपए की लागत का अंदाजा है। इन पुलों का निर्माण एमएमआरडीए के जरिए किया जाएगा। वीवीएमसी के कार्यकारी अभियंता राजेंद्र लाड के अनुसार अब इस प्रस्ताव को महासभा में मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

**कहां बनेंगे कितने पुल?**

इस योजना के अनुसार वसई में ४, नालासोपारा में ३, विरार में ५ उड़ान पुल का निर्माण किया जाएगा।

# ऐसे खूनी बन गया गांव की जमीन का विवाद, जिसमें गिर गईं 9 लाशें

# सोनभद्र नरसंहार

**उत्तर प्रदेश** के सोनभद्र जिले में जमीनी विवाद को लेकर हुए नरसंहार से हर कोई दहल गया. जमीन के इस विवाद में ९ लोग मौत की भेंट चढ़ गए. दो दर्जन से ज्यादा की जान पर बन आई. आशंका है कि अभी कई और लोग मौत के मुंह में जा सकते हैं. ९० बीघा जमीन का ये विवाद नया नहीं है. पिछले कई माह से दो पक्ष इस मामले को लेकर आमने-सामने थे.

विवाद की शुरूआत साल २०१७ में उस वक्त हुई, जब घोरावल कोतवाली क्षेत्र के उभभा गांव में ग्राम प्रधान ने खुद ९० बीघा जमीन खरीदी. तब प्रधान विरोधी एक पक्ष जमीन पर अपना कब्जा बता रहा था. जिसकी वजह से प्रधान ने जमीन तो खरीद ली लेकिन कब्जा नहीं ले सका. इसी दौरान मामले में नया मोड़ आ गया. यूपी के डीजीपी ओपी सिंह के मुताबिक उस जमीन पर पहले से विवाद था. इससे पहले बिहार कैडर के एक आईएएस अधिकारी ने वो विवादित जमीन खरीदी थी. जब गांव वालों को इस बात का पता चला तो उस वक्त भी







उन्होंने विरोध किया था. जमीन के कब्जे लेकर गांव का एक पक्ष अड़िग था. वो किसी को कब्जा नहीं लेने देता था. फिर प्रधान की एंट्री इस मामले में हो गई. तभी से उभभा गांव में आए दिन इस जमीनी विवाद के चलते छोटे-मोटे मामले होते रहे. लेकिन दो साल पहले जमीन खरीदने वाले प्रधान का सब्र अब जवाब देने लगा. लिहाजा उसने जमीन कब्जाने के लिए एक योजना बनाई. जिसके चलते बुधवार को वह प्रधान ३० ट्रैक्टर ट्रॉलियों में अपने समर्थकों को लेकर उभभा गांव में जा पहुंचा. इससे पहले लोग कुछ समझ पाते, उसके हथियारबंद समर्थक जमीन पर कब्जा करने पहुंच गए. कुछ लोगों ने जमीन की जुताई शुरू कर दी. स्थानीय पक्ष को जब इस बात की खबर लगी तो कुछ पुरुष और महिलाएं मौके पर जा पहुंचे. जिन्हें देखते ही प्रधान के समर्थकों ने लाठी डंडों से उनकी पिटाई शुरू कर दी. दूसरे पक्ष की तरफ से और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. जिन्हें देखते ही प्रधान पक्ष के लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी. पूरा इलाका गोलियों की आवाज़ से गूंज उठा. हर तरफ चीख पुकार मच गई. लोग लहूलुहान होकर इधर-उधर गिरने लगे. इस दौरान कई लोगों को गोली लगी और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए. वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से भाग निकले. गोली लगने से मौके पर ही ६ पुरुषों और ३ महिलाओं की मौत हो गई. कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इस खूनी संघर्ष की सूचना मिलते ही सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक सलमान ताज पाटिल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर जा पहुंचे. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए. जबकि सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया. अभी तक इस मामले में पुलिस ने २ लोगों को गिरफ्तार किया है. इस खूनी संघर्ष से इलाके में दहशत फैल गई. बताया जा रहा है कि हमलावरों की संख्या २०० से ज्यादा थी. वे पूरी तैयारी के साथ आए थे. घटना के बाद उभभा गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. पीड़ित परिवारों में मातम पसरा हुआ है. पुलिस हर एंगल से मामले की छानबीन कर रही है. अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है.

## स्विफ्ट कार से आए, ले उड़े फॉर्च्यूनर एक घर से तीसरी गाड़ी चोरी



**दिल्ली** के मयूर विहार एरिया में वाहन चोरों ने फॉर्च्यूनर गाड़ी पर हाथ साफ कर दिया. यह वारदात मंगलवार रात की है. इस सोसायटी से पीड़ित की ये तीसरी गाड़ी चोरी हुई है. इससे पहले उनकी दो गाड़ियां भी इसी सोसायटी से चोरी हुई थीं. हाल ही में इस सोसायटी से स्कॉर्पियो भी चोरी हुई थी. पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है. पीड़ित नवनीत मयूर विहार-२ स्थित पॉकेट-बी में रहते हैं. मंगलवार रात करीब १० बजे उन्होंने अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी घर के सामने पार्क की थी. नवनीत को जब घटना की जानकारी हुई तो वह चौंक गए. सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से मामले का पूरा खुलासा हुआ. फुटेज में साफ दिख रहा है कि स्विफ्ट कार में आए चोरों ने फॉर्च्यूनर पर हाथ साफ किया. फुटेज के मुताबिक, स्विफ्ट कार सवार चोर पहले फॉर्च्यूनर के पास आते हैं. इस दौरान सोसायटी का गार्ड वहां से गुजरता है, जिसकी वजह से वाहन चोर अपनी कार से बाहर नहीं निकलते हैं. थोड़ी देर बाद जैसे ही गार्ड वहां से हटता है तो स्विफ्ट सवार २ चोर बाहर आते हैं और मौका देख कर फॉर्च्यूनर कार के शीशे तोड़कर अंदर घुस जाते हैं. फिर कुछ देर इलाके की रेकी करते हैं और मौका देखकर अपनी कार के साथ-साथ फॉर्च्यूनर लेकर सोसायटी से निकल जाते हैं. पीड़ित का कहना है कि ये पहला ऐसा मामला नहीं है जब इस तरह की वारदात को अंजाम दिया गया हो. कुछ महीने पहले ही इसी तरह पड़ोस में रहने वाले पुनीत की स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी हुई थी. स्कॉर्पियो से पहले पुनीत का एक और गाड़ी चोरी हो चुकी है. नवनीत ने बताया कि इस तरह की घटना बार-बार हो रही हैं. ऐसे में पुलिस की मंशा पर सवाल उठना लाजिमी है.

## सूर्या गैंग के सरगना समेत 4 गुर्गे मुठभेड़ में गिरफ्तार आर्म्स डीलर की हत्या को आए थे गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के एक नामी शस्त्र डीलर की हत्या के इरादे से आए सूरया गैंग के सरगना समेत चार बदमाशों को गुरुग्राम पुलिस की अपराध शाखा पालम विहार की टीम ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उड़ती हुई सूचना पर अपराध शाखा की टीम रात में ११ बजे ही बदमाशों के पीछे लग गई, लेकिन करीब ढाई घंटे तक बदमाश पुलिस को चकमा देते रहे और आखिरकार द्वारका एक्सप्रेस-वे पर दौलताबाद चौक के पास इनका आमना-सामना हो गया और दोनों ओर से हुई करीब दस राउंड फायरिंग के बाद पुलिस ने चारों बदमाशों को दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों में सूरया गैंग का सरगना लोकेश उर्फ सूरया भी शामिल है। मूल रूप से नजफगढ़ के रहने वाले इस बदमाश के खिलाफ दिल्ली में दो दर्जन से अधिक हत्या, लूटपाट, डकैती, फिरौती और रंगदारी वसूली जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। इस बदमाश के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एक लाख का इनाम भी घोषित किया है।

**तीन बदमाशों को गोली लगी**

यह जानकारी पुलिस आयुक्त मोहम्मद अकिल ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ के दौरान तीन



बदमाशों को गोली लगी है। उन्हें इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से एक एसयूवी, चार पिस्टल और २५ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए बदमाशों में लोकेश उर्फ सूरया के अलावा जसौर खेड़ी झज्जर का रहने वाला ५० हजार का इनामी बदमाश प्रदीप उर्फ सोनू पुत्र धरमबीर और जगबीर पुत्र कश्मीर तथा खेड़ी धमकान सोनीपत का रहने वाला ५० हजार का इनामी बदमाश नीरज उर्फ सन्जू पुत्र बलवान शामिल है।

**ढाई घंटे चली लुकाछिपी**

पुलिस आयुक्त के मुताबिक, मंगलवार रात करीब १० बजे अपराध शाखा पालम विहार की टीम को एक उड़ती हुई खबर मिली कि किसी शस्त्र डीलर की हत्या के लिए कुछ बदमाश शहर में आए हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने बदमाशों का पीछा करना शुरू कर दिया। रात में करीब ११ बजे इन बदमाशों को सेक्टर-४० इलाके में देखा गया, पुलिस ने इनकी घेराबंदी की, लेकिन बदमाश यहां से पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गए। इसके बाद करीब साढ़े १२ बजे इन बदमाशों को दोबारा डीएलएफ इलाके में देखा गया, लेकिन यहां भी पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। ऐसे में पुलिस ने एक बार फिर सेक्टर ४/७ चौक से इनका पीछा शुरू किया और दौलताबाद चौक के पास पूरी तैयारी के साथ इन बदमाशों को घेर लिया। खुद को चारो ओर से घिरते देखकर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी, लेकिन पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए तीन बदमाशों के पैर में गोली मार दी। वहीं, चौथे ने खुद सरेंडर कर दिया।

**गिरफ्तारी के बाद हुई पहचान**

पुलिस आयुक्त के मुताबिक, अपराध शाखा को मिली सूचना में सूरया गैंग के बदमाशों का नाम नहीं था। लेकिन पुलिस को पक्की लीड मिली थी कि चार बदमाश हत्या की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं।

## 30 लाख रुपये की ठगी में नाइजीरियन नटवरलाल गुरुग्राम से गिरफ्तार

**साइबर** सेल ने मंगलवार को ३० लाख रुपये की ठगी करने वाले नाइजीरियन नागरिक एंड्रयू डेनियल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एंड्रयू डेनियल को सोमवार को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था। वहां पर वह महिला मित्र के साथ रह रहा था। उसने गांधीनगर निवासी एक अधिकारी को घोड़ों की शक्तिवर्धक दवाओं के कारोबार के नाम पर ठगा था। थाना हरिपर्वत में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था।

गांधी नगर निवासी अवध नारायण त्रिपाठी पालीवाल पार्क में खाद्य विभाग के एक संस्थान में प्राचार्य हैं। पिछले साल छह अगस्त को उनके फोन पर मैसेज आया। इसमें घोड़ों की शक्तिवर्धक दवाओं की सप्लाई से मोटा पैसा कमाने और कारोबार में हिस्सेदार बनाने की बात थी। इसमें एंड्रयू डेनियल ने अपनी ईमेल आईडी भी दी थी। प्राचार्य ने ईमेल आईडी पर संपर्क किया। ईमेल का जवाब डॉक्टर ईडन नाम के व्यक्ति ने दिया। उसने कहा कि वह भारत में कारोबार करना चाहता है। मुंबई में घोड़ों की शक्तिवर्धक दवाएं सस्ते दामों पर मिलती हैं। इनकी जर्मन और अमेरिका में काफी मोटी कीमत मिलती है। डॉक्टर ईडन ने प्राचार्य को एक फर्म का पता और फोन नंबर भेजा। प्राचार्य ने संपर्क किया तो दवाएं सैंपल के तौर पर भेजी गईं। फिर डॉक्टर ईडन ने एक विदेशी प्रतिनिधि उनके पास भेजा। दवाओं का सैंपल लेने पर उसने भुगतान भी किया। दवा की एक शीशी पर एक लाख रुपये का मुनाफा हुआ। तब प्राचार्य ने अपने बेटे के नाम से कारोबार करने का मन बनाया। इसके बाद एंड्रयू डेनियल ने उन्हें जाल में फंसाया। उनसे कई बार में अपने खाते में ३० लाख २२ हजार रुपये जमा करा लिए। इसके बाद किसी ने संपर्क नहीं किया। प्राचार्य को ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने थाना हरीपर्वत समेत उच्चाधिकारियों से शिकायत की। जांच साइबर सेल आईजी रेंज को सौंपी गई थी। दो पासपोर्ट। एक लैपटॉप, जिसमें यूपी, मध्यप्रदेश, बेंगलुरु, गुजरात और राजस्थान के लाखों लोगों के फोन नंबर और ईमेल आईडी मिले। दो मोबाइल फोन मिले, जिसमें से एक फोन डॉक्टर ईडन के नाम पर रजिस्टर्ड था। एंड्रयू डेनियल २०११ में छात्र वीजा पर भारत आया था। मास मीडिया की पढ़ाई करने के लिए मुंबई पहुंचा। वहां उसकी मुलाकात साइबर फ्रॉड करने वाले कुछ लोगों से हुई। इनमें एक सदस्य घाना, अफ्रीका का स्वीट भी है। उसने उसे फ्रॉड के तरीके सिखाए। २०१५ में एंड्रयू का वीजा खत्म हो गया था। मगर वह मुंबई, दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में छिपकर रह रहा था।

## दिल्ली में दार्जिलिंग की युवती से छेड़छाड़ विरोध करने पर दोस्त को किया अधमरा

**दिल्ली** में रहने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों के लोगों पर हमले की घटना सामने आई है। मामला कोटला मुबारकपुर में सोमवार रात का है, जहां दार्जिलिंग के रहने वाले प्रणय प्रधान पर तीन युवकों ने उनकी महिला मित्र के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के समय प्रणय प्रधान महिला मित्र सहित चार लोगों के साथ पार्टी से घर लौट रहा था। दोस्तों की सूचना पर पहुंची कोटला मुबारकपुर थाना पुलिस ने घायल को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। घायल के दोस्त नितेश शंकर की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने दो आरोपियों योगेश और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया है। उनके तीसरे साथी की तलाश जारी है। पुलिस उपायुक्त विजय कुमार ने बताया कि घायल प्रणय प्रधान अपने दोस्तों के साथ ऋषि नगर, कोटला मुबारकपुर रहते हैं और खान मार्केट स्थित बिग चिली रेस्तरां में शेफ हैं। प्रणय प्रधान मूल रूप दार्जिलिंग के रहने



वाले हैं। सोमवार देर रात करीब २ बजे वह रेस्तरां के कैशियर नितेश शंकर, गणेश और दो युवतियों के साथ दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में शामिल होकर पैदल ही घर लौट रहा था। सभी दार्जिलिंग के रहने वाले हैं। रास्ते में नानक चंद बस्ती, कोटला मुबारकपुर के सामने उन्हें योगेश, सौरभ और विशाल खड़े मिले, जो प्रणय की महिला मित्र पर छींटाकशी करने लगे। पीड़ितों ने आरोपियों की हरकत को नजरअंदाज किया और आगे बढ़ गए। इस पर आरोपियों ने युवतियों को पकड़ने की कोशिश की।

## ठाणे से कल्याण ७० मिनट,जेट्टी बनाने के काम को हरी झंडी

**मुंबई :** कल्याण से भाइंदर के बीच जल यातायात के लिए जेट्टी बनाने का काम अक्टूबर तक शुरू करने का आदेश मिल गया है। यह परियोजना एमएमआरडीए द्वारा की जाएगी। जिसमें पहले चरण में ठाणे, वसई-विरार, मीरा-भाइंदर, कल्याण-डोंबिवली शहरों को जोड़ने की योजना है। इस योजना के पूरा होने से कल्याण से वसई की दूरी ७० मिनट में तय की जा सकेगी। इसके लिए ८६ करोड़ रुपए का फंड जारी करने का आदेश भी केंद्रीय जल यातायात मंत्री ने दे दिया है।

जानकारी के अनुसार पहले चरण में ५० किमी के वसई से ठाणे-कल्याण जलमार्ग क्रमांक ५३ में एक स्थान पर मल्टी मॉडल हब और १० अलग-अलग स्थानों पर जेटी तैयार की जानी है, जिसमें से ४ जेट्टी का काम करने को मंजूरी और फंड मिल गया है। इसके अलावा ठाणे से मुंबई और नई मुंबई के ९३ किलोमीटर के जलमार्ग पर भी १८ जेट्टी तैयार करने की तैयारी चल रही है




सड़कों पर बढ़ते वाहनों के चलते यातायात समस्या विकट हो गई है। इसके निराकरण के लिए पर्यायी यातायात व्यवस्थाओं पर सरकार ने योजना बनाने का आदेश दिया था, जिसके अंतर्गत जल यातायात पर लक्ष्य केंद्रित किया गया था। जल यातायात के पहले चरण को लेकर दिल्ली में केंद्रीय जल यातायात मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय जल यातायात सचिव गोपालकृष्णन, मुंबई मेरीटाइम बोर्ड के अध्यक्ष संजय भाटिया, जे.एन पोर्ट ट्रस्ट के चेयरमैन संजय सेठी, अंतर्देशीय जल यातायात प्राधिकरण अध्यक्ष प्रवीण पंड्या, ठाणे मनपा के आयुक्त संजीव जायसवाल, जल यातायात मंत्रालय सह-सचिव रजत सच्चर आदि उपस्थित थे।

**यातायात को मिलेगी गति**

ठाणे मनपा आयुक्त संजीव जायसवाल ने इस परियोजना पर प्रस्तुतिकरण पेश किया और इससे होनेवाले लाभ बताए, उन्होंने कहा कि इससे न केवल ट्रैफिक समस्याओं से छुटकारा मिलेगा बल्कि यातायात में गति भी आ सकेगी। इस प्रस्ताव में करीब ६४५ करोड़ खर्च आयेगा। पहले चरण में मीरा-भाइंदर, कोलशेत, काल्हेर व डोंबिवली इन चार ठिकानों पर जेट्टी बनाने, रीवर इनफॉर्मेशन सिस्टम विकसित करने, उसी प्रकार तीन वर्षों तक नावों की मरम्मत करने व देखभाल करने के लिए करीब ८६ करोड़ रुपयों की आवश्यकता होगी, जिसे मंजूरी मिल गई है।

# जानलेवा इमारतों से खतरे में लाखों लोगों की जिंदगी

## अबतक १६ लोगों की मौत, स्निफर डॉग्स की मदद से सर्च ऑपरेशन

**मुंबई,** दक्षिण मुंबई के डोंगरी इलाके में मंगलवार को १०० साल पुरानी ४ मंजिला इमारत भरभराकर ढह गई थी। दमकल विभाग और एनडीआरएफ की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। मलबे के नीचे से दो नाबालिगों के शव निकाले गए है। इस हादसे में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर १६ पहुंच गया है। कई लोगों के अभी अंदर फंसे होने की आशंका है। मलबे में दबे लोगों को खोजने के लिए अब मौके पर स्निफर डॉग्स को लगाया गया है। वहीं, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के परिजनों के लिए ५ लाख रुपये और घायलों के लिए ५० हजार के मुआवजे का एलान किया है। उन्होंने कहा है कि घायलों के चिकित्सा का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। साथ ही सीएम ने हादसे पर चर्चा के लिए एक बैठक भी बुलाई है। बैठक में आवास मंत्री आर.वी. पाटिल, बृहन्मुंबई नगर निगम के अधिकारी, महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी और अन्य संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। हादसा मंगलवार सुबह ११.४० बजे हुआ। मुंबई के डोंगरी इलाके में केसरबाई बिल्डिंग का आधा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि हादसे के समय इमारत में करीब १५ परिवारों के ४० से अधिक लोग मौजूद थे। हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से लोगों को मलबे से निकालने का काम शुरू कर दिया। मलबे से निकाले गए घायलों को पास ही स्थित जेजे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।





## पिछले ५ साल के दौरान इमारत से जुड़े २७०४ हादसे हुए, २३४ लोगों की गई जान

**मुंबई.** मंगलवार को डोंगरी इलाके में ४ मंजिला इमारत ढह गई। इस हादसे में अब तक १४ लोगों की मौत हो गई। वहीं, अभी भी कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। ऐसे में मृतकों का आकड़ा बढ़ भी सकता है। इस बीच मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को ५-५ लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। एक आरटीआई के मुताबिक, पिछले साढ़े पांच सालों में मुंबई में इमारत से जुड़े २७०४ हादसों में २३४ लोगों की जान गई है और ८४० लोग जख्मी हुए हैं। डोंगरी की इमारत की तरह ही अब भी महानगर ने बड़ी संख्या में ऐसी इमारतें हैं जिन्हें खतरनाक तो घोषित कर दिया गया है लेकिन प्रशासन उन्हें खाली नहीं करा पा रहा। आरटीआई कार्यकर्ता शकील अहमद शेख ने बताया कि साल २०१९-२० के लिए मुंबई महानगर पालिका ने ४९९ इमारतों को सी-कैटेगरी में खतरनाक घोषित किया है। उन्होंने बताया कि साल २०१४ में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मुंबई मनपा हर साल बरसात से पहले खतरनाक इमारतों की पहचान करें और इनकी सूची वेबसाइट पर प्रकाशित करे। अदालत ने खतरनाक इमारतों की बिजली, पानी कनेक्शन काटने और पुलिस की मदद से उसे जबरन खाली करने को भी कहा था। लेकिन, प्रशासन ने उस पर अमल नहीं किया। शेख के मुताबिक, कुछ दिनों पहले ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामले में ईमेल भेजकर शिकायत की थी। लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आतंकी हमलों से कई गुना ज्यादा लोगों की मौत इमारत दुर्घटनाओं में हो रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन हाईकोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं कर रहा।

**संवाददाता**

**मुंबई,** मुंबई का बी-वार्ड ब्रह्ममुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) का सबसे छोटा प्रशासनिक वार्ड है। २.८४ वर्ग किमी में फैली ये एक ऐसी जगह जहां १.२८ लाख लोग रहते हैं।

इस एन्कलेव में मोहम्मद अली रोड और डोंगरी जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके आते हैं। यहां अवैध निर्माण अधिक मात्रा में हो रहा है। बता दें डोंगरी वही इलाका है, जहां मंगलवार को एक चार मंजिला इमारत गिरी है, जिसमें अभी तक १४ लोगों की मौत हो गई है।

एक अधिकारी का कहना है कि बीएमसी वार्ड स्टाफ और पुलिस तक भू माफियाओं से काफी परेशान हैं। उनका कहना है, 'यहां बहुत भाईगिरी है।' इस इलाके में हिंसा की आशंका बनी रहती है, यहां दाऊद इब्राहिम के गिरोह का असर साफ देखा जा सकता है। मंगलवार को भी फोटोग्राफर और मीडिया के लोगों ने इस बात की शिकायत की थी कि उनके साथ निवासियों के समूहों ने धक्का मुक्की और बदत्तमीजी की है।

अपनी पहचान ना बताने की शर्त पर इस वार्ड के पूर्व कॉर्पोरेटर ने बताया कि बिना किसी मंजूरी के यहां १० से लेकर १८ मंजिल तक की इमारतें बनाई जा रही हैं। उन्हें बनाए जाने की गुणवत्ता बेहद बेकार है। ऐसा इसलिए क्योंकि बाजार की कीमत से काफी कम कीमत पर भू माफिया खराब सामान बेचते हैं। जहां इमारत गिरी है, उससे कुछ ही दूरी पर एक और अवैध इमारत बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बीते पांच सालों में यहां ३० से ४० अवैध इमारतें बनी हैं।

## प्रॉस्टिट्यूशन का ई-व्यापार

**ठाणे :** पुलिस का साइबर सेल वेबसाइट और सोशल साइट्स के कंटेंट को लेकर जितनी सतर्कता बरत रहा है उससे ज्यादा चौकन्ना अब प्रॉस्टिट्यूशन (देह व्यापार) चलाने वाले लोग हो गए हैं। इस कुकर्म को बढ़ाने के लिए वे वेबसाइट्स और सोशल मीडिया नेटवर्क जैसे टेलीग्राम, व्हाट्स ऐप, फेसबुक का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। लुकाछिपी में चलने वाले प्रॉस्टिट्यूशन रैकेट अब पुलिस की दबिश से बचने के लिए सूचना क्रांति का बेजा इस्तेमाल कर ई-व्यापार की तरह अपना पैर पसार रहे हैं। ठाणे पुलिस देह व्यापार के धंधे को खत्म करने के लिए नियमिततौर पर कार्रवाई कर रही है। इसमें जनवरी से मार्च के बीच ४ ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें वेबसाइट और सोशल साइट के जरिये देह व्यापार का व्यवसाय चलाया जा रहा था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार ये वेबसाइट एस्कॉर्ट की तरह काम कर रही थी जहां नंबर उपलब्ध कराया गया था जिस पर फोन करके ग्राहक महिलाओं की सेवा ले सकता था जबकि दूसरा गिरोह सोशल साइट के जरिये देह व्यापार का संचालन कर रहा था। यह गिरोह युवतियों की फोटो भी उपलब्ध कराता था जिसे ग्राहक पसंद करके सेवाएं ले सकते थे।

## मोबाइल लायब्रेरी योजना को शुरू

**ठाणे :** विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए मनपा ने कई जगहों पर लायब्रेरी बनाई है लेकिन कुछ विद्यार्थियों का घर दूर होने की वजह से वे लायब्रेरी का लाभ नहीं ले पाते। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ठाणे मनपा ने मोबाइल लायब्रेरी योजना को शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना से ठाणे शहर में पहली लायब्रेरी (ग्रंथालय) दौड़ेगी। लायब्रेरी में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सभी प्रकार की किताबें भी मौजूद रहेंगी।

बता दें कि ठाणे मनपा के कुल १९८ विद्यालयों में कुल ४० हजार विद्यार्थी शिक्षा ले रहे हैं। मनपा विद्यालयों में 'वाचन कोपचा' (वाचन के लिए कोना) शुरू किया गया है लेकिन विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के चलते कुछ विद्यार्थी इस योजना का लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसलिए विद्यार्थियों के लिए मोबाइल लायब्रेरी शुरू करने का निर्णय ठाणे मनपा शिक्षा विभाग द्वारा लिया गया है। इसका प्रस्ताव भी ठाणे मनपा द्वारा तैयार कर लिया गया है। अगली महासभा में मंजूरी मिलते ही इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बस को लायब्रेरी का रूप दिया जाएगा। इस लायब्रेरी में एक समय में १० से १५ विद्यार्थी बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। साथ ही इस लायब्रेरी में कंप्यूटर भी मौजूद होगा। इस लायब्रेरी के लिए मनपा कुल ६७ लाख रुपए खर्च करनेवाली है। बस सुबह ११ से रात ८ बजे तक कुल २० किलोमीटर दौड़ेगी। ईंधन का खर्च मनपा द्वारा किया जाएगा। इस दौड़ती लायब्रेरी की छत पर सौर पैनल लगाया जाएगा। सौर ऊर्जा से बस के अंदर बिजली की आपूर्ति की जाएगी।

## कांग्रेस के सामने राकांपा ने रखा फिफ्टी-फिफ्टी फॉर्मूला

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्ष एकजुट होने की कवायद में है, लेकिन शरद पवार की पार्टी राकांपा ने मौके की नजाकत को भांपते हुए कांग्रेस के सामने फिफ्टी-फिफ्टी फॉर्मूला रख दिया है। विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर मुंबई में हुई बैठक में राकांपा ने साफ कर दिया है कि उसे कांग्रेस के बराबर सीटें चाहिए। ऐसे में सवाल उठता है कि ख्या राकांपा के फॉर्मूले पर कांग्रेस सहमत होगी। राकांपा के एक नेता ने नाम न



छापने की शर्त पर बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद परिस्थितियां बदल चुकी हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में राकांपा ने कांग्रेस से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस बार भी हम कांग्रेस से कम सीटों पर लड़कर उनसे ज्यादा सीटें जीतने में कामयाब रहे हैं। ऐसे में हमें कांग्रेस के बराबर विधानसभा सीटें मिलनी चाहिए। बता दें कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और राकांपा मिलकर चुनावी मैदान में उतरे थे। महाराष्ट्र की कुल ४२ संसदीय सीटों में से कांग्रेस २५, राकांपा २० और अन्य सहयोगी ३ सीटों पर चुनाव लड़े थे। कांग्रेस २५ लोकसभा सीटों पर चुनावी मैदान में उतरी थी, जिनमें से महज १ सीट पर जीत मिली थी। जबकि राकांपा को २० सीटों पर लड़कर ४ पर जीत मिली। २०१४ लोकसभा चुनाव में भी दोनों पार्टियों ने साथ चुनाव लड़ा था। तब राकांपा को ४ और कांग्रेस को २ सीटों पर जीत मिल सकी थी। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस जहां पस्त है तो राकांपा के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में राकांपा २००४ के विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला कांग्रेस को याद दिला रही है। २००४ में राकांपा को कांग्रेस से ज्यादा सीटें मिली थी।

## प्रभावी तरीके से लागू हो ई-नाम योजना : मुख्यमंत्री

**मुंबई :** नई दिल्ली में नीति आयोग की तरफ से स्थापित भारतीय कृषि क्षेत्र में परिवर्तन विषय पर बनी उच्चाधिकारी समिति की बैठक मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस की अध्यक्षता में नीति आयोग के कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपानी, अरूणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। हाई पावर कमेटी की बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री फड़नवीस ने कहा कि कृषि क्षेत्र में विकास दर बढ़ाने के लिए सब्सिडी नीति तय करना होगा। सब्सिडी देते वक्त सब्सिडी का लक्ष्य तय कर कृषि विकास दर बढ़ाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए कृषि उत्पन्न बाजार समितियों की स्थापना की गई, लेकिन कालांतर में ये समितियां कुछ खास लोगों की मददगार बन गई व इससे बाजार कुछ खास लोगों के हाथ में चला गया। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से बनाई गई ई-नाम योजना प्रभावी तरीके से लागू करने की जरूरत है। कई राज्यों में यह योजना प्रभावी तरीके से लागू नहीं है। राज्यों की दिक्कतों को समझते हुए उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

## मंदिर गई किशोरी के साथ दुष्कर्म, बदहवास हालत में जंगल में छोड़ भागा आरोपी

यूपी में संभल के रजपुरा थाना इलाके में मां के साथ पूजा अर्चना करने मंदिर पहुंची किशोरी को सर्कस में काम करने वाला युवक बहला-फुसलाकर ले गया। किशोरी के साथ जंगल में दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी किशोरी को बदहवास हालत में सड़क किनारे छोड़ कर भाग गया। थाना इलाके के एक गांव निवासी महिला अपनी १५ वर्षीय बेटी को साथ लेकर गुरुवार की दोपहर को हरि बाबा बांध धाम आश्रम पर गई थी। महिला मंदिर परिसर में बैठकर खाना खा रही थी जबकि उसकी बेटी पूजा अर्चना करने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान मंदिर परिसर में लगे हुए सर्कस में काम करने वाला युवक महिला की मंदबुद्धि बेटी को बहला-फुसलाकर जंगल में ले गया और दुष्कर्म किया। काफी देर तक जब बेटी पूजा करके लौटी महिला ने तलाशना शुरू किया। मंदबुद्धि किशोरी गवां अनूपसहर मार्ग पर एक होटल के पास सड़क किनारे बदहवास हालत में मिली। किशोरी को बदहवास हालत में देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। कोतवाल अमित कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है कार्रवाई की जा रही है।




## स्वयं रोजगार के लिए ३०० करोड़ का प्रावधान

**मुंबई :** राज्य सरकार के उद्योग विभाग और सीआईआई की ओर से चेंबूर स्थित अणुशक्ति नगर में कल बालासाहेब ठाकरे रोजगार सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में मुंबई के पालक मंत्री व उद्योग मंत्री सुभाष देसाई ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार निर्माण कार्यक्रम के माध्यम से दस लाख रोजगार निर्माण करने का उद्देश्य है। राज्य के प्रत्येक युवक को रोजगार देने का सरकार का प्रयत्न है। इसी उद्देश्य के तहत राज्य में पिछले एक साल से कोने-कोने तक बालासाहेब ठाकरे रोजगार सम्मेलन लिया जा रहा है।

इस सम्मेलन को प्रचंड प्रतिसाद मिल रहा है। अब तक इस सम्मेलन के माध्यम से हजारों युवकों को नौकरी का मौका उपलब्ध हुआ है, ऐसा देसाई ने कहा। युवक केवल नौकरी पर ही निर्भर न रहें, स्वयं रोजगार शुरू करें। इसके लिए सरकार ने मुख्यमंत्री रोजगार निर्माण कार्यक्रम को शुरू किया है।



इसके लिए सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जाएगी। आर्थिक सहायता के लिए ३०० करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। स्वयं रोजगार के इच्छुकों को केवल दस प्रतिशत निवेश करना होगा। बाकी ६० प्रतिशत रकम बैंक कर्ज के रूप में देगा और ३० प्रतिशत रकम सरकार देगी। इस कार्यक्रम के द्वारा १ लाख छोटे-बड़े उद्योगपति तैयार किए जाएंगे। इनके माध्यम से दस लाख रोजगार उपलब्ध होंगे। इस कार्यक्रम की जनजागृति के लिए ३६ जिलों में स्वयं रोजगार सम्मेलन का आयोजन करने की घोषणा देसाई ने की। बालासाहेब ठाकरे रोजगार सम्मेलन को प्रचंड प्रतिसाद मिल रहा है।

ऑनलाइन व ऑफलाइन पद्धति से साढ़े चार हजार युवक-युवतियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रत्येक युवा को नौकरी मिलने तक सरकार प्रयास करती रहेगी, ऐसा देसाई ने कहा। चेंबूर के विधायक तुकाराम काते ने उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया था। कार्यक्रम में ८० कंपनियों ने भाग लिया।

*मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड ( पूर्व ), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी* Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com